# कार्यालय वनमंडलाधिकारी, दक्षिण कोंडागांव वनमंडल, कोंडागांव
## जिला–कोंडागांव (छ.ग.)

E-mail: southfedkgn@yahoo.co.in

Tel. / Fax: 07786-242303


**क्रमांक/मा.चि./292**

**कोंडागांव, दिनांक : 14.1.2020**

प्रति,

**अपर मुख्य**

**कार्यपालन अधिकारी**

**चिप्स, स्टेट डाटा सेंटर भवन,**

**सिविल लाईन्स, रायपुर छत्तीसगढ़**

**विषयः–** *Diversion of Forest land non-Forest Purpose under Forest Conservation Act. 1980 Proposed for for Bharat Net Phase - II South kondagoan Division "Bharat Net project which is a GOI initiative. Under this project, connectivity will be provided at 5987 GP s & 85 Blocks Through optic fibre cable laying of approximately 32, 466 KM The laying of Opticatl Fibre cable of 32,466 KM Will involve 26 Districts across the state , area - 8.011 ha. Regarding.*

– आनलाईन पंजीयन क्रमांक–FP/CG/OFC/42879/2019.

संदर्भः– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध/व.सं.अ.) अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नया रायपुर छत्तीसगढ़ रायपुर का पत्र क्रमांक/भू–प्रबंध/विद्युत/एल.एम.–115–821/3171, दिनांक 24/12/2019.

विषयांतर्गत लेख है, कि दक्षिण कोंडागांव वनमंडल अंतर्गत भारत नेट परियोजना का संचालन हेतु ऑप्टिकल फायबर केबल लाईन बिछाने हेतु प्रस्तावित रकबा 8.011 हेक्टेयर वन भूमि में वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत् गैर वानिकी कार्य के उपयोग पर देने हेतु वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव के लिये अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध/व.सं.अ.) छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा ऑनलाईन पंजीयन क्रमांक FP/CG/OFC /42879/2019 आबंटित किया गया है।

प्रकरण में आवेदित वन भूमि के "**Geo-Co-ordinate**" के आधार पर व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित वन भूमि एवं उसके आसपास के न्यूनतम 10 कि.मी. परिधि तक का सत्यापित **"वनस्पति मानचित्र"** वन प्रबंधन सूचना प्रणाली वनमंडल, रायपुर से प्राप्त कर वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत् वन अधिकार वितरित संबंधी अ.प्र.मु.व.सं.अ. (भू–प्रबंध/व.सं.अ.) छ.ग. रायपुर के पत्र क्रमांक/1728, दिनांक 14/07/2016 द्वारा जारी निर्देशानुसार उपखण्ड स्तरीय समिति के सत्यापित कार्यवाही विवरण के साथ एवं जिला कलेक्टर द्वारा जारी प्रारूप ''स'' प्रस्ताव में सम्मिलित कर प्रस्तावित भूमि का डी.जी.पी.एस. सर्वे रिपोर्ट के साथ अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध/व.सं.अ.) छत्तीसगढ़, रायपुर का पत्र क्रमांक/भू–प्रबंध/विविध /115–718/2128, दिनांक 05/07/2018 द्वारा जारी निर्देशानुसार Shape File की सी.डी. सहित 21 बिन्दुओं की सभी कॉलम की पूर्ति कर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध/व.सं.अ.) छत्तीसगढ़, रायपुर का पत्र क्रमांक/ भू–प्रबंध/विविध /115–30/1065 द्वारा जारी निर्देश का पालन कर पूर्ण प्रस्ताव 06–06 प्रतियों में मय डी.जी.पी.एस.सर्वे रिपोर्ट के साथ Shape File की सी.डी. सहित इस कार्यालय में जमा करने का कष्ट करें, व साथ ही प्रकरण का ऑनालाईन फार्म ''ए'' की हस्ताक्षरित प्रति मय मूल अभिलेख भी प्रेषित करें। ताकि प्रकरण पर सूक्ष्म परीक्षण उपरांत हस्ताक्षर कर भारत सरकार के वेबसाईट पर अपलोड करते हुये सैद्धांतिक स्वीकृति जारी कर वरिष्ट कार्यालय को अवगत कराया जा सकें। सुलभ संदर्भ हेतु संदर्भित पत्र की छायाप्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित है।

**संलग्न :–** उपरोक्तानुसार।

**वनमंडलाधिकारी**
**दक्षिण कोंडागांव वनमंडल**
**कोंडागांव**

क्रमशः...2....

कोंडागांव, दिनांक : 14/01/2020

पृ.क्रमांक/मा.चि./293

प्रतिलिपि :

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध/व.सं.अ.) अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, केपिटल कॉम्पलेक्स, नया रायपुर छत्तीसगढ़ की ओर संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित है।
2. मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त, कांकेर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।
3. कलेक्टर, जिला कोंडागांव (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुप्रेषित है।
4. प्राधिकृत अधिकारी, टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड, (**Bharat Net Project, Office No. 402, 4th Floor, Offizo, Magneto The Mall, GE Road, Labhandi**) रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित है।

वनमंडलाधिकारी
दक्षिण कोंडागांव वनमंडल
कोंडागांव